भारत सरकार

रेल मंत्रालय

राज्य सभा

19.12.2025 के

अतारांकित प्रश्न सं. 2347 का उत्तर

कालका-अमृतसर रेल सेवा का पुनः संचालन

2347. श्री कार्तिकेय शर्मा:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कालका-अमृतसर रेल सेवा, जो पहले कालका, पंचकुला और आसपास के क्षेत्रों के निवासियों की सुविधा के लिए संचालित की गयी थी, अब बंद कर दी गई है;

(ख) यदि हाँ, तो इसके क्या कारण हैं और क्या दैनिक यात्रियों, वरिष्ठ नागरिकों और अमृतसर जाने वाले सिख तीर्थयात्रियों को हुई असुविधा के संबंध में कोई समीक्षा की गई है;

(ग) क्या सरकार यात्रा में लगने वाले समय को कम करने और यात्रियों को पहले चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन पहुँचने की आवश्यकता से बचाने के लिए कालका और अमृतसर के बीच नई सीधी रेल सेवा की बहाली अथवा शुरू करने का विचार रखती है; और

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा और सेवा के पुनः संचालन की अपेक्षित समय-सीमा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): वर्तमान में, कालका को निम्न सूचीबद्ध 08 जोड़ी रेलगाड़ियों से सेवित किया जा रहा है, जो दिल्ली, कोलकाता, साईनगर शिर्डी, भोपाल, अंबाला, चंडीगढ़ आदि जैसे गंतव्यों के लिए संपर्कता प्रदान कर रही हैं।

क्र. सं.	**रेलगाड़ी संख्या और नाम**
1	12311/12 हावड़ा-कालका नेताजी एक्सप्रेस
2	14503/04 कालका - श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस

3	12005/06 नई दिल्ली - कालका शताब्दी एक्सप्रेस
4	14331/32 दिल्ली - कालका एक्सप्रेस
5	14795/96 भिवानी-कालका एकता एक्सप्रेस
6	12011/12 नई दिल्ली - कालका शताब्दी एक्सप्रेस
7	22455/56 साईनगर शिर्डी - कालका एसएफ एक्सप्रेस
8	54531/32 अंबाला कैंट - कालका पैसेंजर

इसके अलावा, कालका के समीप, चडीगढ़ अमृतसर से निम्न सूचीबद्ध 08 जोड़ी गाड़ी सेवाओं से जुड़ा हुआ है।

क्र. सं.	**रेलगाड़ी संख्या और नाम**
1	14631/32 देहरादून - अमृतसर एक्सप्रेस
2	18101/02 टाटानगर - जम्मू तवी एक्सप्रेस
3	18309/10 सम्बलपुर - जम्मू तवी एक्सप्रेस
4	12411/12 चंडीगढ़ - अमृतसर एक्सप्रेस
5	15531/32 सहरसा - अमृतसर जन साधारण एक्सप्रेस
6	14615/16 लालकुआँ - अमृतसर साप्ताहिक एक्सप्रेस (बरास्ते काशीपुर)
7	12925/26 बांद्रा(टी) - अमृतसर पश्चिम एक्सप्रेस
8	14541/42 चंडीगढ़ - अमृतसर एक्सप्रेस

इसके अलावा, नई गाड़ी सेवाएँ शुरू करना निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है जो निम्नलिखित कारकों पर निर्भर करता है जिसमें शामिल हैं:

- उस खंड की क्षमता,
- पथ की उपलब्धता,
- अपेक्षित चल स्टॉक की उपलब्धता,
- चल स्टॉक के लिए उपयुक्त अवसंरचना की उपलब्धता,
- रेलपथ और अन्य परिसंपत्तियों की अनुरक्षण आवश्यकता

******